बीसीसीआई की रिव्यू मीटिंग आज, भविष्य की योजना और खिलाड़ियों की इंजरी पर रहेगा फोकस

नई दिल्ली (एजेंसी) ।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड गुरुवार को मुंबई में अपने हेडक्वार्टर में एक अहम रिव्यू मीटिंग करेगा। इस मीटिंग में सभी पदाधिकारी, हेड कोच गौतम गंभीर, चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के हेड वीवीएस लक्ष्मण के शामिल होने की उम्मीद है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 10 जुलाई को 'आईएएनएस' को बताया था कि इंग्लैंड के खिलाफ भारत का दौरा 19 जुलाई को खत्म होने के बाद एक डिटेल्ड रिव्यू मीटिंग होगी। यह मीटिंग शुरू में इंग्लैंड और आयरलैंड में टी20 इंटरनेशनल सीरीज में मिली हार और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में हार पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। हालांकि, जिम्बाब्वे के टी20 इंटरनेशनल दौरे और श्रीलंका में टेस्ट सीरीज के कारण इसे टाल दिया गया था। भारत ने ये सीरीज क्रमशः 3-0 और 1-0 से जीती।

मीटिंग के एजेंडे की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बुधवार को 'आईएएनएस' को बताया कि यह हाई-लेवल मीटिंग आखिरकार गुरुवार को होगी। "हां, 3 सितंबर को एक मीटिंग तय है। बोर्ड के सभी टॉप अधिकारी और इससे जुड़े अन्य सदस्य आज रात तक इसके लिए मुंबई पहुंच जाएंगे। गहरी चर्चा मुख्य रूप से सीनियर पुरुष टीम के हालिया नतीजों और इस बात की समीक्षा पर होगी कि क्या सही रहा और क्या गलत रहा है।सूत्र ने आगे कहा"इस चर्चा में हार्दिक पांड्या जैसे कई खिलाड़ियों की चोट से जुड़ी चिंताओं और न्यूजीलैंड के मल्टी-फॉर्मेट दौरे, घरेलू बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज और पुरुष वनडे वर्ल्ड कप 2027 जैसे अहम टूर्नामेंट के लिए भविष्य की योजनाओं पर भी बात होगी।"

अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए मंगलवार को घोषित टीम में सीनियर पुरुष टीम की फिटनेस से जुड़ी चुनौतियां साफतौर पर दिखाई दीं। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 13-17 सितंबर तक होने वाली इस सीरीज के लिए जसप्रीत बुमराह, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा को अस्थायी रूप से चुना गया है।

घरेलू सरजमीं पर पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार जीत के बाद भी पांड्या का टीम में न चुना जाना भारतीय टीम से जुड़े लोगों के लिए एक और बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। हालांकि, पांड्या को पुरुष वनडे वर्ल्ड कप 2027 अभियान के लिए एक अहम खिलाड़ी माना जाता है, लेकिन चोट की लगातार समस्याओं के कारण यह तय नहीं हो पाया है कि एक वनडे मैच में तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के तौर पर वह कितना वर्कलोड संभाल सकते हैं। इस बीच, भारत के पूर्व कप्तान और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष सौरव गांगुली 18 सितंबर को होने वाली बीसीसीआई की सालाना आम बैठक में शामिल होंगे, जो 18 सितंबर को मुंबई स्थित बोर्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी।'आईएएनएस' द्वारा देखी गई एजीएम की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के अनुसार, इसमें 35 में से 31 राज्य इकाइयों का प्रतिनिधित्व होगा। एजीएम में आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के दो प्रतिनिधियों को चुनने के लिए चुनाव होंगे। चार राज्य संघ - हैदराबाद, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और बिहार - कुछ अज्ञात प्रशासनिक मुद्दों के कारण इस बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे।गांगुली के अलावा, भारत के पूर्व खिलाड़ी वेंकटेश प्रसाद (जो अभी कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ - केएससीए के अध्यक्ष हैं) और सौरभ तिवारी (जो अभी झारखंड राज्य क्रिकेट संघ - जेएससीए के सचिव हैं) भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही, सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के प्रमुख और सौराष्ट्र के पूर्व कप्तान जयदेव शाह भी इसमें शामिल होंगे। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व कोर्ट द्वारा नियुक्त एडमिनिस्ट्रेटर गोविंदा करेंगे, जबकि दिल्ली और जिला क्रिकेट एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व प्रेसिडेंट रोहन जेटली करेंगे।

दलीप ट्रॉफी : तिलक वर्मा की शानदार बल्लेबाजी से साउथ जोन फाइनल में

बेंगलुरु (एजेंसी) ।

कप्तान तिलक वर्मा की लगातार दूसरी शानदार पारी और एमडी नितीश की घातक गेंदबाजी के दम पर बुधवार को साउथ जोन ने दलीप ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली। साउथ जोन ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड-2 में खेले गए सेमीफाइनल में नॉर्थ जोन को सात विकेट से हराया।पहली पारी में शतक जड़ने वाले तिलक ने दूसरी पारी में नाबाद 51 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। वहीं, एमडी नितीश ने पांच विकेट लेकर नॉर्थ जोन की दूसरी पारी को 297 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई।नॉर्थ जोन ने बुधवार को सात विकेट पर 256 रन से आगे खेलना शुरू किया था। उसके पास 139 रनों की बढ़त थी। अंशुल कंबोज और निशांत सिंधु ने आठवें विकेट के लिए साझेदारी को 60 रन तक पहुंचाया लेकिन नितीश ने कंबोज को 36 रन पर बोल्ड कर दिया।इसके बाद गुरनूर बरार और अर्शदीप सिंह ने एक-एक छक्का लगाया लेकिन नितीश ने दोनों को पवेलियन भेज दिया और पांच विकेट पूरे किए। नॉर्थ जोन की पूरी टीम 297 रन पर सिमट गई और निशांत सिंधु 35 रन बनाकर नाबाद रहे।साउथ जोन को जीत के लिए 181 रनों का लक्ष्य मिला। रिकी भुई और नारायण जगदीशन ने 64 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। भुई ने 53 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 42 रन बनाए लेकिन गुरनूर बराड़ ने उन्हें आउट कर दिया।शेख रशीद केवल एक रन बनाकर आबिद मुश्ताक का शिकार बने। इसके बाद जगदीशन और तिलक वर्मा ने पारी संभाली और लंच तक साउथ जोन का स्कोर दो विकेट पर 72 रन पहुंचा दिया।दूसरे सत्र में दोनों ने टीम को 100 रन के पार पहुंचाया।

चाइना मास्टर्सः तन्वी शर्मा ने अमाली शुल्ज को हराया,अंतिम-16 में पहुंचीं

शेनझेन (एजेंसी) । भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने बुधवार को डेनमार्क की अमाली शुल्ज को सीधे गेम में हराकर चाइना मास्टर्स के महिला एकल के अंतिम-16 में जगह बना ली। तन्वी ने 21-16, 21-17 से जीत दर्ज की ।तन्वी ने पहले गेम में शानदार शुरुआत करते हुए पहले ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बना ली। इसके बाद भी उन्होंने अपना दबदबा कायम रखा और पहला गेम 21-16 से अपने नाम किया ।दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। तन्वी ने शुरुआत में बढ़त बनाई लेकिन अमाली ने वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त हासिल कर ली।

// नाम परिवर्तन सूचना //

मैं,अरविन्द मरकाम पिता स्व.श्री नेतराम मरकाम, आयु- 37 वयस्क वर्तमान पता-वार्ड नं. 04 ग्राम पथरी तहः बिछुआ जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.), हाल मुकाम भोपाल, (आधार कार्ड नं. 79682174250 9) का होकर शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ किः-1.यह कि मैं मध्यप्रदेश पुलिस विभाग, भोपाल में आरक्षक के पद पर कार्यरत हूँ।2. यह कि मेरे सेवा अभिलेख में मेरा नाम "अरविन्द कुमार" दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम "अरविन्द मरकाम" है।3. यह कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम "अरविन्द मरकाम" दर्ज है तथा मैं इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाता हूँ।4. यह कि"अरविन्द कुमार" एवं "अरविन्द मरकाम"दोनों नाम मेरे ही हैं तथा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

5.यह कि मेरे सेवा अभिलेख में दर्ज नाम "अरविन्द कुमार" के स्थान पर मेरा सही नाम अरविन्द मरकाम दर्ज किया जाना है। 6. यह कि मैं यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ, ताकि उपरोक्त नाम परिवर्तन की सूचना समाचार-पत्र में प्रकाशित कराई जा सके तथा भविष्य में मुझे "अरविन्द मरकाम" के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

मैंने उपरोक्त सभी कथन अपनी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही बताए हैं। इसमें कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। शपथकर्ता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता अरविन्द मरकाम, सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ-पत्र में दी गई जानकारी मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है तथा इसमें कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ नहीं है। सत्यापन आज दिनांक 02.09.2026 किया गया है।

शपथकर्ता

//कार्यालय सेनानी 8वीं वाहिनी विसबल छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश//

Email:-co8bn_saf@@mppolice.gov.in

क्रमांक -8वीं बटा./विसबल/सा.अ./P-708-B/2026 दिनांक -31/08/2026

-: ई-निविदा आमंत्रण सूचना :-

8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में लेखाशीर्ष मांग संख्या 003-2055 आवास-00-104-9999-4492-v,32-000 लघुनिर्माण कार्यज़द के अंतर्गत प्राप्त आवंटन राशि से पीटीएस में बारबर रूम का निर्माण कार्य ई-टेण्डर खुली निविदा के माध्यम से कराया जाना है।कार्य म.प्र.भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) की कण्डिकाओं में निहित खुली निविदा समय सारणी अनुसार किया जाना है। जिस हेतु निविदाएँ WWW.MPTENDERS.GOV.IN पर आमंत्रित की गई है। जिसकी जानकारी WWW.MPPOLICE.GOV.IN पर भी देखी जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता कराये जाने वाला निर्माण कार्य इकाई में आकर देख सकते है। प्राप्त निविदाए, इकाई में गठित समिति द्वारा दिनांक 23.09.2026 को 11:00 बजे खोली जायेंगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार हैः-

क्रं.	कार्य का नाम	प्राक्कलन अनुसार अनुमानित राशि (समस्त कर सहित)	धरोहर राशि ईएमडी	निविदा शुल्क	सम्पूर्ण कार्यक्री अवधि	निर्माण एजेंसी
1	2	3	4	5	6	7
01	पीटीएस में बारबर रूम का निर्माण कर्या।	9,99,000.00	2,000.00	29,700.00	60दिवस	इकाई द्वारा

समय सारणी:-

क्रं.	विवरण	दिनांक एवं समय
01.	निविदा का प्रकाशन दिनांक	01.09.2026 के 11.00बजे
02.	निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक	01.09.2026 के 11.00बजे से
03.	निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	29.09.2026 के 18.00 बजे तक
04.	निविदा खोलने की दिनांक एवं स्थान	23.09.2026 को 11.00 बजे से सेनानी कार्यालय 8वीं वाहिनी विसबल छिन्दवाड़ा(म.प्र.)

1.इच्छुक निविदाकर्ता वेबसाईट WWW.MPTENDERS.GOV.IN से निविदा करेंगे।
2. इकाई / मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम जबलपुर द्वारा तैयार किये गये स्टीमेट एवं स्ट्रक्चर प्लान अनुसार कार्य कराया जाना है। जिस हेतु तालिका क्रमांक 03 में अनुमानित प्राक्कलन राशि से अधिक दर पर निविदा स्वीकार नही की जावेंगी।
3. निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग / म.प्र. पु. हा. का. के पंजीकृत ठेकेदारो से ही कराया जाना है।
4. निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व कार्य स्थल एवं प्राकलन / स्टीमेट का निरीक्षण कर निविदा प्रस्तुत करें ताकि कार्य का सही आकलन किया जाकर निविदा प्रस्तुत की जा सकें। जिसकी जानकारी क्वार्टर मास्टर 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है।
5. निविदा की विस्तृत जानकारी म.प्र. पुलिस की बेवसाईट WWW.MPPOLICE.GOV.IN पर देखी जा सकती है। एवं निविदाएँ WWW.MPTENDERS.GOV.IN पर दिनांक 01.09.2026से दिनांक 21.09.2026 तक आमंत्रित की गई है। जिसे दिनांक 23.09.2026 को समय 11.00 बजे खोला जावेंगा।

जी-18069/26

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

सेनानी
8वीं वाहिनी विसबल
छिन्दवाड़ा(म.प्र.)

// नाम परिवर्तन सूचना //

मैं,इन्द्रपाल बॉक्सर, पिता श्री गेंदलाल बॉक्सर, निवासी सिवनी प्राणमोति छिंदवाड़ा,तहसील,जिला छिंदवाड़ा(मध्य प्रदेश),निम्नलिखितकथन शपथपूर्वक करता हूं:-1.यह कि मैं उपर्युक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करता हूं। 2.यह कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस क्रमांक MP2820080000703,जो दिनांक 03/01/2008 को आरटीओ छिंदवाड़ा द्वारा जारी किया गया है, उसमें मेरा नाम अंग्रेज़ी अक्षरों में INDRAPAL दर्ज है।3. यह कि मेरें आधार कार्ड में मेरा नाम इन्द्रपाल बॉक्सर,/INDRAPAL BOXER दर्ज है, जो मेरा वास्तविक एवं सही नाम है। अतः मैं अपने ड्राइविंग लाइसेंस में भी अपना नाम संशोधित कर INDRAPAL BOXER दर्ज कराना चाहता हूं।

4. यह कि उपर्युक्त तथ्यों को मैं पूर्णतः सत्य एवं अपने ज्ञान व विश्वास के अनुसार सही घोषित करता हूं। यदि भविष्य में कोई जानकारी असत्य पाई जाती है, तो इसके लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं यह सत्यापित करता हं कि शपथ-पत्र में वर्णित सभी कथन सत्य व सही है।

स्थानः-छिंदवाड़ा/दिनांकः31/08/2026

शपथकर्ता :-

-::जाहिर सूचना ::-

मैं, मेरे पक्षकारगण 1-डिंपल सिंह पिता अमरजीत सिंह, निवासी-नईआबादी,छिंदवाड़ा,2–दिनेश साहू पिता गोविन्द साहू निवासी-सुभाष कॉलोनी छिंदवाड़ा ने 60 बाय60बराबर3600 वर्गफुट भूखंड क्रय का सौदा किया था,30 बाय 60 बराबर 1800 वर्गफुट भूखंड 3- सुनील चचड़ा पिता ठाकुरदास चचड़ा निवासी-वार्ड नंबर-6,सुभाषचंद्र वार्ड, निवासी-वार्ड नंबर-14, नरसिंहपुर रोड, छिंदवाड़ा के पक्ष में पंजीयत बैनामा पत्र होना है, जो कि, वांके मौजा चन्दनगांव, रा0नि0मं0 छिंदवाड़ा-2, तहसील व जिला - छिंदवाड़ा में स्थित ख0नं0-858/3 में से कुल रकबा-3600 वर्गफुट जिसकी हुलिया उत्तर में शांताराम की जमीन, दक्षिण में नंदलाल अरोरा की जमीन, पूर्व में धांदोडे एवं सोनी का मकान, पश्चिम में नागपुर रोड के मध्य स्थित को विक्रय करने का सौदा विक्रेता श्री सुगनचंद बाघरेचा पिता पारसमल बाघरेचा, निवासी-स्टेशन रोड, छिंदवाड़ा ने किया है। इस संपत्ति में जिस किसी का स्वत्व व अधिकार हो वह 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति एवं आपत्ति के संबंध में दस्तावेज नीचे वर्णित मोबाईल नंबर पर संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज करावे। मेरे पक्षकार द्वारा कोई आपत्ति ना आने पर अपने पक्ष में पंजीयत बैनामा पत्र निष्पादित करा लिया जावेगा, पंजीयत बैनामा के निष्पादन के उपरांत की गई सभी आपत्तियां मिथ्या मानी जावेगी। सूचना जाने।

छिंदवाड़ा
दिनांक- 02/09/2026
डिंपल सिंह मो-9407383699
सुनील चचड़ा मो-7000188116
इन नंबरों पर आपत्ति दर्ज करें

भवदीय
दिलीप कुमार जैन, (अधिवक्ता)
निवासी- त्रिलोकी नगर, रेल्वे स्टेशन के पीछे,
छिंदवाड़ा, तहसील व जिला - छिंदवाड़ा
मो0- 9827249825

न्यायालयः- कमिश्नर फॉर वर्कमेन्स कम्पनसेशन,लेबर कोर्ट छिंदवाड़ा (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक 92/2026/ WC FATAL/ (**विविध**)

//सूचना पत्र//

उपरोक्त प्रकरण में आपको एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक **रामकिशोर नागवंशी** पुत्र **जगदीश नागवंशी** का **महेन्द्र खरे के अधीन श्रमिक के रूप में** काम करते हुये दिनांक**11.06.2023**को कार्य के दौरान उत्पन्न हुई दुर्घटना में मृत्यु हो गई है व श्रमिक के नियोक्ता **महेन्द्र खरे** ने क्षतिधन राशि रूपये **5,90,805=00** रू/-मृतक के आश्रितों को वितरण के लिए इस न्यायालय में जमा कराया है। उपरोक्त प्रकरण क्षतिधन के वितरण एवं आश्रितों की जांच हेतु दिनांक01**/10/2026** को नियत किया जाता है।

अतःयदि आप अथवा अन्य जो भी व्यक्ति वर्कमेन्स कम्पनसेशन एक्ट की धारा 2(डी)के अंतर्गत मृतक के आश्रित हो तो आप,वह दिनांक **01/अक्टूबर/ 2026** को दिन 11 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र आश्रित होने बाबत् पेश करें।

मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट कलेक्टर या किसी शासकीय अधिकारी द्वारा स्वयं का फोटो अटेस्टेड करवाकर भी पहचान हेतु पेश करें।यदि हो तो मृतक के नाबालिग बच्चों को भी साथ लावें।

आज दिनांक **01**माह **09** सन् **2026** को मेरे हस्ताक्षर पद एवं मुद्रा के अधीन जारी किया गया ।

(महेन्द्र सैनी)
(न्यायालय कमिश्नर फॉर वर्कमेन्स कम्पनसेशन,लेबर कोर्ट छिंदवाड़ा म.प्र.)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी ऐरिया, इन्दौर

विज्ञप्ति क्रमांक/8090/10/2026/परीक्षा-8 इन्दौर दिनांक 31 अगस्त 2026

-::प्रेस विज्ञप्ति::-

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026
संभागीय पर्यवेक्षकों की व्यवस्था
आयोजन दिनांक 07.09.2026 से 12.09.2026 तक

आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा -2026 दिनांक 07.09.2026 से 12.09.2026 तक, एक सत्र में प्रातः 10.00 से 01.00 बजे तक, प्रदेश के 12 संभाग / जिला मुख्यालयों में आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण कार्य हेतु आयोग द्वारा 12 संभागीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण हेतु संभागीय पर्यवेक्षकों से निम्न दूरभाष नंबर पर संपर्क किया जा सकता हैः--

स.क्रं.	संभागीय पर्यवेक्षकों का नाम	मोबाईल नंबर	संभाग/जिले का नाम
01	श्रीमती रेणु पंत, से.नि. आई.ए.एस.	94250-82088	इन्दौर
02	डॉ. रमन सिंह सिकरवार, से.नि. माननीय सदस्य,म.प्र.लोक सेवा आयोग	83055-90776	उज्जैन
03	श्री अर्जुन सिंह डावर, से.नि. अपर कलेक्टर	94250-84964	रतलाम
04	श्री संजीव झा, से.नि. मुख्य वन संरक्षक	94799-75640	भोपाल
05	श्री प्रभात पाराशर, से.नि. आई.पी.एस.	94251-03006	जबलपुर
06	श्री आर.सी. पंवार, से.नि. आई.पी.एस.	62683-16202	सागर
07	श्री ए.बी. गुप्ता, से.नि. प्रधान मुख्य वन संरक्षक	94251-09125	ग्वालियर
08	श्री रामगोपाल प्रजापति, से.नि. जिला न्यायाधीश	94254-72780	शहडोल
09	श्री एन.सी. नागराज से.नि. उच्च न्यायिक सेवा	97250-76098	छिन्दवाड़ा
10	डॉ. श्रीकान्त पाण्डे, से.नि. आई.ए.एस.	76974-76674	बालाघाट
11	श्री राजकुमार पाठक, से.नि. आई.ए.एस.	94254-19561	सतना
12	श्री शेखर वर्मा, से.नि. आई.ए.एस.	99265-81755	बड़वानी

इसके अतिरिक्त आयोग के सतर्कता अधिकारी को निम्नांकित नम्बर पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है :-
श्रीमती भावना भावे :- सतर्कता अधिकारी
सम्पर्क नम्बर 8103929695 ई-मेलः- vigoffpsc@mp.gov.in

आयोग द्वारा नियुक्त संभागीय पर्यवेक्षकों द्वारा परीक्षा तिथि के दो दिवस पूर्व परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था देखी जाएगी तथा आवश्यक सुधार हेतु सुझाव दिए जाएंगे। उनके द्वारा परीक्षा दिवस पर परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाएगा एवं अभ्यर्थियों से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

जी-18019/26

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

परीक्षा नियंत्रक

कार्यालय कार्यपालन यंत्री ,लोक निर्माण विभाग,(भ/स)संभाग छिंदवाड़ा (म.प्र.)

e-mail- eepwd1chhind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रं.06/व.ले.लि./2026-27/ छिन्दवाड़ा,दिनांकः-01.09.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है।उल्लेखित कार्य बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेबसाईट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकती है।

क्रं.	टेंडर आईडी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित् राशि (लाख में)	अमानत् राशि रूपये	निविदा प्रपत्र राशि रू0	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	**2026 PWDRB 532805-1**	छिंदवाड़ा	सड़क मरम्मत कार्य	वार्षिक संधारण मद अंतर्गत लो.नि.वि.उपसंभाग क्रं.2 छिन्दवाड़ा अंतर्गत 02 मार्गों पर बी.टी.रिनुवल कार्य कुल लंबाई 14.20 कि.मी.(1)डोला पांजरा गुमतरा मार्गज्लं.9.00 कि.मी.(2)पतलोन थोटा जमतरा मार्ग लं.5.20 कि.मी.।(प्रथम आमंत्रण)	**141.73**	**1,41,800/-**	**12,500/-**	03माह वर्षा ऋतु छोड़कर
2	**2026 PWDRB 532806-1**	छिंदवाड़ा	सड़क मरम्मत कार्य	वार्षिक संधारण मद अंतर्गत लो.नि.वि.उपसंभाग क्रं.2 छिन्दवाड़ा अंतर्गत 05 मार्गों पर बी.टी.रिनुवल कार्य कुल लंबाई 8.40 कि.मी.(1)चारगांव करबल भगतखापा मार्गज्लं.1.70 कि.मी.(2)खमरिया कोहका मार्गज्लं.1.10 कि.मी.।(3)खिरखिरी कपूर्दा मार्ग लं.2.10 कि.मी.(4)खूनाझिर पहुंच मार्गज्लं.1.60 कि.मी.(5)खैरवाड़ा पहुंच मार्गज्लं.2.00कि.मी.(प्रथम आमंत्रण)	**101.61**	**1,01,700/-**	**12,500/-**	03माह वर्षा ऋतु छोड़कर
3	**2026 PWDRB 532807-1**	छिंदवाड़ा	सड़क कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.2छिन्दवाड़ा अंतर्गत उपखण्ड बिछुआ एवं चौरई में विभिन्न मार्गों पर पुल-पुलियों का मरम्मत कार्य ।(प्रथम आमंत्रण)	**20.00**	**40,000/-**	**2,000/-**	06 माह वर्षा ऋतु सहित
4	**2026 PWDRB 532808-1**	छिंदवाड़ा	सड़क कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.2छिन्दवाड़ा अंतर्गत उपखण्ड मोहखेड़ एवं लावाघोघरी में विभिन्न मार्गों पर पुल-पुलियों का मरम्मत कार्य ।(प्रथम आमंत्रण)	**20.00**	**40,000/-**	**2,000/-**	06 माह वर्षा ऋतु सहित
5	**2026 PWDRB 532809-1**	छिंदवाड़ा	सड़क कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.1छिन्दवाड़ा अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर पुल-पुलियों का मरम्मत कार्य ।(प्रथम आमंत्रण)	**18.00**	**36000/-**	**2,000/-**	06 माह वर्षा ऋतु सहित
6	**2026 PWDRB 532810-1**	छिंदवाड़ा	भवन कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.2 छिंदवाड़ा अंतर्गत शासकीय भवनों में रंगाई-पुताई एवं पेटिंग कार्य सहित। (प्रथम आमंत्रण)	**18.00**	**36000/-**	**2,000/-**	06 माह वर्षा ऋतु सहित
10	**2026 PWDRB 532811-1**	छिंदवाड़ा	भवन कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.2 छिन्दवाड़ा अंतर्गत उपखण्ड मोहखेड़,बिछुआ एवं चौरई में शासकीय भवनों में रंगाई-पुताई एवं पेटिंग कार्य सहित। (प्रथम आमंत्रण)	**10.00**	**20,000/-**	**2,000/-**	06 माह वर्षा ऋतु सहित
				कुल योग	**321.34 लाख**			

टीपः-

निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट)म.प्र.शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।निविदा ऑनलाईन क्रय करने तथा जमा करने की अंतिम तिथि18.09.2026 समय शाम 17.30बजे तक है।ऑनलाईन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जावेगा।निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जावेगा।पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(कौशल सिंह परते)
कार्यपालन यंत्री
लो. नि.वि.(भ/सं)
संभाग छिंदवाड़ा(म.प्र.)

जी-18060/26

देर से आए,लेकिन दुरूस्त आए
धीरे चले सुरक्षित चले

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस ई-नीलामी दिनांक- 23/09/2026

क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा - विवेकानंद कालोनी, साईं मंदिर के पास, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा 480001 (म.प्र)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई– नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/भैतिक कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है, एवं दायित्व रहित''** के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति–दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई–नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

(ई-नीलामी दिनांक. 23/09/2026 एवं समय दोपहर 12.30 बजे से सायं. 5.00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार पर।)

क्र.	ऋण खाता/ ऋणी/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार एवं संबंधित शाखा	मांग सूचना दिनांक आधिपत्य दिनांक बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार)	साम्यबंधक अचल संपत्तियों का विवरण/ कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य अग्रिम धरोहर जमा राशि बिड वृद्धि राशि
1	मेसर्स पदमावाति इंडस्ट्री प्रोप. श्री लक्ष्य सूर्यवंशी पिता ओमप्रकाश सूर्यवंशी कंपनी पता :- प्लॉट न. J-20 एवं J-21, सैक्टर – J, जमालपानी IGC बोरगांब, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106 आवासीय पता :- वॉर्ड न. 14, ग्राम रामाकोना ,पोस्ट रामाकोना, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106 संबन्धित शाखा: सौसर अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – शा. प्र. 8226003724	30/05/2025 12/08/2025 रु. 1,81,20,800.91 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	साम्य बंधन भूमि एवं भवन: **संपत्ति क्र:- 1.** प्लॉट न. J-20 क्षेत्रफल 800.00 वर्गमीटर, सैक्टर – J, जमालपानी IGC बोरगांब, प .ह .नं. 45, ब.नं. 154, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106 चतु:सीमा (प्लॉट न. J-20, सैक्टर – J) - उत्तर – प्लॉट न. J-21, दक्षिण- प्लॉट न. J-19, पूर्व - रोड, पश्चिम – प्लॉट न. J-28 **संपत्ति क्रमांक :- 2:** प्लॉट न. J-21 क्षेत्रफल 800.00 वर्गमीटर , सैक्टर – J, जमालपानी IGC बोरगांब, प .ह .नं. 45, ब.नं. 154, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106 चतु:सीमा (प्लॉट न. J-21, सैक्टर – J) - उत्तर – प्लॉट न. J-22, दक्षिण- प्लॉट न. J-20, पूर्व- रोड, पश्चिम – प्लॉट न. J-28 **संपत्ति क्रमांक :- 3:** Hypothecation of Plant & Machineries i.e. 1. Jaw Crusher, 2. 5 Roller Mill, 3. MS Loading Structure, 4. Motors, 5. Electrification, Control Panel, Cables etc. पट्टेदार / बंधककर्ता: मेसर्स पदमावाति इंडस्ट्री प्रोप. श्री लक्ष्य सूर्यवंशी पिता ओमप्रकाश सूर्यवंशी **सांकेतिक कब्जा** **नोट – उक्त सम्पतियो से सम्बंधित म.प्र. औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (MPIDC) के समस्त बकाया देय (जैसे भू-भाटक , जल प्रभार, संधारण प्रभार एवं अन्य प्रभार, यदि कोई हो) सफल बोलीकर्ता द्वारा सम्बंधित प्राधिकरण के प्रचलित नियमो / अनुमतियो के अनुसार वहन एवं भुगतान किए जाएंगे।**	रू. **74,82,000.00** रू. **7,48,200.00** रू. **1,00,000/-**
2.	M/s दिव्या पाइप ट्रेडर्स प्रोप:- श्रीमति सुखवंती नागपुरे पति श्री दीपक नागपुरे पता - क्र. 76, वार्ड क्र. 7 , ग्राम – कोह्काडिबर, पोस्ट – देओरी, जिला - बालाघाट , म0 प्र0 481001 पता :- ग्राम सारद , पोस्ट सारद , तहसील – किरनापुर , जिला – बालाघाट , म0 प्र0 481226 संबन्धित शाखा: बालाघाट अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – शा. प्र. 8226003734	10/06/2025 19/08/2025 रु. 1,15,79,416.55 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	साम्य बंधन भूमि: **संपत्ति क्र. 1 :** मौज़ा – सारद प. ह. न. 03 /15 रा. नि. म. रजेगाँव तहसील किरनापुर जिला बालाघाट स्थित खसरा न. 241/3 कुल रकवा 0.263 हेक्टर पूर्ण डाइवरटेड जिसमे निर्मित समस्त पक्का आर. सी. सी. एवम् अन्य निर्माण जिसकी चतु:सीमा निम्न प्रकार है:- उत्तर – पाढन, दक्षिण – भाउलाल रहंगडाले कि जमीन, पूर्व – सरकारी जमीन, पश्चिम – सेवक राम कि जमीन **संपत्ति क्र. 2 :** मौज़ा – सारद प. ह. न. 03 /15 रा. नि. म. रजेगाँव, तहसील किरनापुर , जिला बालाघाट स्थित खसरा न. 241/4 कुल रकवा 0.162 हेक्टर पूर्ण डाइवरटेड जिसमे निर्मित समस्त पक्का आर. सी. सी. एवम् अन्य निर्माण जिसकी चतु:सीमा निम्न प्रकार है:- उत्तर – पाढन, दक्षिण – भाउलाल रहंगडाले कि जमीन, पूर्व – बुदन बाई कि जमीन, पश्चिम – गोपिचंद मनेश्वर कि जमीन **संपत्ति क्र. 3 :** प्लांट और मशिनरी जो खसरा न. 241/4 और 241/3, प. ह. न. 03 /15 कुल रकवा 0.425 हेक्टर मौज़ा – सारद , रा. नि. म. रजेगाँव, तहसील किरनापुर , जिला बालाघाट पे स्थित है. भू- स्वामी / बंधककर्ता: श्रीमति सुखवंती नागपुरे पति श्री दीपक नागपुरे (संपत्ति बंधककर्ता) **भौतिक कब्जा (Physical Possession)**	रू. **89,99,000/-** रू. **8,99,900/-** रू. **1,00,000/-**

इच्छुक बोली लगानें वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता M/s PSB Alliance Pvt. Ltd. के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्टेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को टांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। नीलामी के पूर्व रजिस्टेशन, केवायसी दस्तावेजों का सत्यापन और वॉलेट में ईएमडी जमा अग्रिम रुप से किया जाना चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्तियों पर कोई अन्य भार नहीं है, फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व संपत्तियों से संबंधित किसी भी भार के विषय में संबंधित कार्यालय / विभाग से जानकारी प्राप्त करें। संपत्तियों से संबंधित निर्णय निविदादाता को स्वविवेक से लेना होगा। इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी बंद होने से पहले M/s PSB Alliance Pvt. Ltd. के पास प्री-बिड ईएमडी जमा कर सकता है। M/s PSB Alliance Pvt. Ltd. के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में इस तरह की जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम समय में किसी भी समस्या से बचने के लिए बोली-पूर्व ईएमडी राशि अग्रिम रुप से जमा करें। ई-नीलामी 'जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है' के आधार पर एवं ऑनलाइन होगी। ई नीलामी की प्रक्रिया बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता M/s PSB Alliance Pvt. Ltd. द्वारा संचालित की जावेगी। वेब पोर्टल: https://baanknet.com ऑनलाइन नीलामी बिक्री टेंडर दस्तावेज, ऑनलाइन ई-नीलामी निविदा फार्म, घोषणा पत्र, नियम एवं शर्तें वेबसाईट पर उपलब्ध है। विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गये सेंट्रल ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट अर्थात www.centralbank.bank.in and https://baanknet.com देखें। क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाडा प्राधिकृत अधिकारी (मो.9109954645) से संपर्क कर सकते है। यह प्रकाशन ऋणियों/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन एवं पंद्रह (15) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है। संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं ममय: 15.09.2026 से 21.09.2026 से सुबह 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (पूर्व में लिए गए समय अनुसार)

दिनांकः **03/09/2026**

कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी